Title: Need to provide adequate compensation to the farmers who list their crop due to firing across the Pakistan border.

श्री अली मोहम्मद नायक (अनंतनाग) : मैं इस ऐवान की तवज्जो एक अहम मसले की ओर दिलाना चाहता हूं। वह यह है कि रियासत जम्मू-कश्मीर में जो रणबीरसिंहपुरा सैक्टर है जहां इंटरनैशनल बॉर्डर है वहां दो दिन पहले पाकिस्तान रेंजर्स ने बिना इश्तिहाल के फायरिंग की। उसका नतीजा यह हुआ कि हजारों एकड़ जमीन पर जो गेहूं की फसल थी, वह तबाह और बर्बाद हो गई। वह फसल पूरी तरह से जल गयी। जम्मू इलाके के एम.पी. साहब मौके पर गये थे। मैं हुकूमत की त वज्जो इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि हजारों एकड़ जमीन पर गेहूं की फसल तबाह होने से वहां लोग दाने-दाने के लिए मोहताज हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि मरकजी सरकार इस बिना इश्तिहाल फायरिंग का क्या इलाज करना चाहती है और जो लोग इससे मुतासिर हुए हैं, उनकी आबाकारी, खाने पीने और बाकी चीजों के बारे में क्या इंतजाम

करेगी ?